तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025

4 कलेक्टर ने जनदर्शन में लोगों की समस्याओं का किया समाधान






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


## खबर संक्षेप

### प्रयागराज से लौट रहे परिवार पर हमला करने वाला गिरफ्तार



**रायगढ़।** प्रयागराज से अस्थि विर्सजन कर घर लौट रहे एक परिवार की महिलाओं सहित 7 सदस्यों से मारपीट करने वाले मुख्य आरोपी प्रकाश पटनायक को तमनार पुलिस ने घरघोड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। दरअसल घटना 13 जुलाई की है, जब लिबरा निवासी कुमारी सिदार अपने ससुर का अस्थि विसर्जन करने अपने परिजनों के साथ आर्टिगा कार से इलाहाबाद गई थी, कार को मिनकेतन सिदार चला रहा था। वापसी के दौरान 13 जुलाई की सुबह करीब 6 बजे जब वाहन डोलेसरा के पास पहुंची तभी सामने से आ रही स्वीफ्ट कार के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए इनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद स्वीफ्ट चालक प्रकाश पटनायक ने मौके पर ही ड्राइवर मिनकेतन सिदार के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरू कर दी। कुमारी सिदार व उसके परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा इसका विरोध करने पर आरोपी ने फोन करके अपने अन्य साथियों को बुला लिया। इसके बाद सभी ने परिवार की महिलाओं सहित पुरूषों पर हाथ-मुक्का, ईंट, डंडा और चप्पल से हमला कर दिया। जिससे पीड़ित परिवार को काफी चोट आई थी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इसके बाद डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह के सुपरविजन में गठित टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में टीआई कमला पुसाम ठाकुर को आरोपी प्रकाश पटनायक के घरघोड़ा की ओर छिपे होने की सूचना मिली, जिस पर तत्काल दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार किया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं, उसके साथी वरुण सिदार सहित अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 18 तक

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले भर में 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और परिवार नियोजन के साधनों को ग्रामीण क्षेत्रों तक सुलभ कराना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, जिला एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. भानु प्रताप पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना प्रधान और आरएमएनसीएच, सलाहकार डॉक्टर राजेश मिश्रा की उपस्थिति में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत जिला अस्पताल परिसर से जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### लाईवलीहुड कॉलेज में वॉक इन इंटरव्यू 29 को

**रायगढ़।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटीए रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न कोर्स में अल्पावधि कौशल प्रशिक्षण हेतु योग्य व अनुभवी अस्थायी प्रशिक्षकों को इम्पैनल किए जाने हेतु वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन 29 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में होगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी, रायगढ़ के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

### कंसल्टेंट कंपनी ने बताया था मरम्मत लायक नहीं बिल्डिंग, दुकानदारों की जान पर मंडरा रहा खतरा

# जर्जर हो चुके जेल कॉम्प्लेक्स की मरम्मत करें या ढहाएं, तय नहीं कर पा रही शहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तत्कालीन निगम कमिश्नर के कहने पर प्राइवेट कंसल्टेंट कंपनी द्वारा जेल कॉम्प्लेक्स का मुआयना कर इसे डिस्मेंटल योग्य बता दिया गया है। इस बात को चार साल बीत गए हैं, लेकिन आज पर्यंत तक इस कॉम्प्लेक्स को नए सिरे से बनाएं या फिर ढहाएं यह पिछली व वर्तमान शहर सरकार तय नहीं कर पाई है। इधर अति जर्जर अवस्था में पहुंच गया यह कॉम्प्लेक्स कभी भी भरभरा कर गिर सकता है, लेकिन पापी पेट के खातिर व्यापारी मजबूरन जान जोखिम में डाल कर दुकान संचालित कर रहे हैं।

दअरसल जेल कॉम्प्लेक्स की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। निर्माण के कुछ साल बाद से ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लग गए हैं। वर्तमान में यहां दुकानों के छत गिरने लगे हैं। प्रथम तल में पूरा छज्जा गिर जाने से खुला आसमान नजर आ रहा है और यहां चलने तक की जगह नहीं है। निगम प्रशासन ने सुविधा के नाम पर दुकानदारों के लिए कोई व्यवस्था भी नहीं की है। दुकानदारों के लिए यहां पानी पीने तक की व्यवस्था नहीं है और कॉम्प्लेक्स में शौचालय भी नहीं बनाया गया है। कई दुकानदार तो ऐसे हैं, जिन्होंने यहां की अव्यवस्था को देखते हुए आवंटन के बाद से ही दुकान नहीं खोली है। इधर दुकानों का किराया नहीं मिलने से निगम सख्ती बरतता है पर बात कॉम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार की आती है तो निगम प्रशासन व शहर सरकार अपने हाथ पीछे खींच लेते हैं।



### हो चुकी है दुर्घटना फिर भी नहीं लिया सबक

पिछले साल ही प्रथम तल का छत अचानक भरभरा कर गिर गया था, जिससे एक बड़ी अनहोनी घटना टल गई। क्योंकि जहां छत गिरा वहां नीचे गैरेज है। जिस समय यह हादसा हुआ उस समय गैरज का मालिक गैरज में ही था और वर्कर भी काम कर रहे थे, लेकिन छत का प्लास्टर उनके बीच में गिरा। इसके बाद से नीचे तल के दुकानदारों को हमेशा भय सताते रहता है कब उनके साथ कोई अनहोनी घटना घटित न हो जाए। दुकानदारों ने बताया कि इस तरह की घटनाएं बीच-बीच में होती रहती हैं। इसके बाद भी नगर निगम व शहर सरकार सबक नहीं ले रही है, जिससे तो लगता है कि उन्हें सिर्फ किराए से मतलब है दुकानदारों से उन्हें कोई लेना देना नहीं।

मैं टीम लेकर मौके पर जाकर निरीक्षण करूंगा। अगर कॉम्प्लेक्स सुधार लायक हो तो सुधार कराएंगे, नहीं तो परिषद में मामले को लाएंगे, जहां सर्वसहमति से जो निर्णय होगा उस आधार पर आगे काम करेंगे।

**जीवर्धन चौहान**
महापौर, नगर निगम, रायगढ़।

### 2022 में कंपनी के अभियंता ने किया था निरीक्षण

24 जून 2022 को तत्कालीन कमिश्नर ने इस कॉम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार को लेकर भिलाई की राजहंश कंसल्टेंट एंड टेक्नोक्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को प्राक्कलन बनाने कहा था। तब कंपनी के वरिष्ठ अभियंता ने मौके का निरीक्षण कर मौजूदा स्थिति को देखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार की। जिसमें कहा गया कि बीम में दरारें हैं तथा नीचे की सरिया देखी जा सकती हैं जो जंग खा चुकी हैं। भवन के कई स्थानों पर स्लैब पूरी तरह से खराब हो चुके हैं क्योंकि इसकी सरिया दिखाई दे रही हैं। स्लैब का निचला हिस्सा एवं प्लास्टर पूरी तरह से उखड़ चुका है। वर्षा जल का रिसाव हो रहा है। सीढ़ी के एक हिस्से पर लंबी दरार दिख रही है। इमारत के विभिन्न स्थानों पर स्तंभ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। छत पर फर्श समय के साथ फीका पड़ गया है, जिससे बारिश का पानी धीरे-धीरे इमारत के अंदर रिस रहा है। रखरखाव की कमी के कारण इमारत की दीवारों में भी रिसाव नजर आ रहा है। इसलिए यह इमारत के अंदर काम करने वाले लोगों के लिए खतरनाक हो सकती है। ऐसे में इस कॉम्प्लेक्स का मरम्मत करना संभव नहीं है। जिससे इस कॉम्प्लेक्स को ध्वस्त करने की सलाह दी जाती है।

### किराए पर भी नहीं ले रहा कोई

दुकानदारों ने बताया कि इस मार्ग में चलने वाले वाहनों की वजह से दुकानों में धूल की परत जमी रहती है। जिससे दुकानदारों सहित यहां आने वाले ग्राहकों को सांस लेने में भी परेशानी होती है। निगम द्वारा यहां कभी पानी का छिड़काव नहीं कराया जाता। वहीं कॉम्प्लेक्स में कचरों का ढेर पड़ा रहता है, लेकिन कभी भी निगम से कोई सफाई कर्मचारी यहां साफ-सफाई करने नहीं पहुंचता। कई दुकानदारों ने अपनी दुकान को किराए पर देने के लिए शटर के बाहर पॉम्प्लेट चस्पा करवाया, लेकिन किसी ने आज तक उनसे संपर्क नहीं किया। क्योंकि जर्जर अवस्था और अव्यवस्था के कारण कोई यहा दुकान लेना ही नहीं चाहता।

### जान-माल की शहर सरकार को नहीं कोई चिंता

कंपनी द्वारा यह रिपोर्ट निगम को 5 जुलाई 2022 को सौंपा गया था। इस बात को करीब चार साल बीत गया, लेकिन आज पर्यंत तक शहर सरकार यह तय नहीं कर पाई है कि आखिर इस कॉम्प्लेक्स के साथ करना क्या है। जिससे शहर सरकार की निष्क्रियता खुलकर सामने आ रही है। क्योंकि उन्हें कॉम्प्लेक्स किराए पर लेकर चलाने वालों और यहां आने वालों के जान-माल की कोई फिक्र नहीं है। यही कारण है कि इस गंभीर मुद्दे पर अब तक निर्णय नहीं लिया जा सका है।

## बेलटिकरी और सरिया की राइसमिल में कम मिला धान और चावल

**सरसीवा।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार राजस्व, खाद्य एवं मार्कफेड की संयुक्त टीम द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के भटगांव तहसील के अंतर्गत जैससवाल रईस मिल बेल्टीकरी का जांच किया गया जिसमें धान निर्धारित मात्रा से 2623 क्विंटल कम पाया उक्त राइस मिल मे 1800 क्विंटल धान एवं 8 क्विंटल चावल पाया गया।

वही सिद्धि विनायक राइस मिल ग्राम छिंद का जांच किया गया। जांच में धान निर्धारित मात्रा से 4170.0 क्विंटल कम पाया गया। राइस मिल मंन उपलब्ध चावल 580 क्विंटल एवं धान 2876 क्विंटल को मिल के मैनेजर से जप्त किया गया। इसी प्रकार संयुक्त टीम द्वारा बरमकेला ब्लॉक में गायत्री पर्बोइलिंग यूनिट सरिया का जांच किया गया। जांच में धान निर्धारित मात्रा से 395.24 क्विंटल कम पाया गया। राइस मिल मंल उपलब्ध चावल 199 क्विंटल एवं धान 160 क्विंटल को मिल के प्रोपराइटर से जप्त किया गया। बिलाईगढ़और बरमकेला ब्लॉक में राजस्व, खाद्य एवं मार्कफेड की संयुक्त टीम द्वारा सभी जांच कर निर्धारित स्टॉक से कम पाए जाने वाले राइस मिलों के खिलाफ कार्रवाई किया गया।



### युवाओं को मशरूम उत्पादन का दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था नवजीवन नशामुक्ति केंद्र में उपचाररत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विभाग के मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी से युवाओं को मशरूम उत्पादन का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे वे न केवल रोजगार के लिए सक्षम बन सकें, बल्कि समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ सकें। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि यह प्रशिक्षण 04 जुलाई से 14 जुलाई तक आयोजित किया गयाए जिसमें कुल 15 युवाओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मशरूम उत्पादन की तकनीक, उपयोग, विपणन और व्यवसायिक संभावनाओं पर विशेष जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में एसबीआईआरसेटी के निदेशक चाल्स एक्का, श्रवण श्रीवास्तव, रुजबगल कुजूर और संतोष नाग द्वारा युवाओं को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**चक्रधरनगर थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस**

## पानी का छींटा पड़ने से युवक पर रॉड से किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्तन धोते समय पानी का छींटा पड़ जाने से नाराज एक युवक ने दूसरे युवक के सिर पर लोहे के रॉड से प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे बुरी तरह घायल हो गया। पीड़ित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उपचार के दौरान उसकी सांसें थम गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

सोनू कुमार साहनी ने चक्रधर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज लिखाते हुए बताया कि वह नटवरपुर में स्थित मां मंगला एथेनाल प्लांट के मैकेनिकल विभाग में पिछले तीन महीनों से काम कर रहा है और अपने साथी प्रदीप कुमार साह निवासी जगदीशपुर बिहार के साथ प्लांट के भीतर लेबर कालोनी में रहता है। सोनू 13 जुलाई की रात 8.30 बजे खाना खाकर अपने साथी प्रदीप कुमार के साथ बर्तन धो रहा था। वहीं पर आरोपी अर्जुन अपने साथियों के साथ शराब पी रहा था। इसी बीच बर्तन धोते समय उन पर पानी छिटक गया। जिससे अर्जुन आक्रोशित हो उठा और गाली-गलौज करते हुए जमीन में रखे लोहे के रॉड से प्रदीप कुमार के सिर में जोरदार वार कर दिया। इसेक बाद बीच बचाव करने आए अन्य साथियों को भी जान से मारने की धमकी देते हुए उनके साथ मारपीट की। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण निजी वाहन से प्रदीप को तत्काल जिला अस्पताल रायगढ़ लाकर भर्ती कराया गया, जहां सोमवार की देर शाम उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अर्जुन और उसके साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।




### बाकारूमा रेंज की घटना, वन विभाग ने परिजनों को दी सहायता राशि

# मकान के बाहर सो रहे वृद्ध को हाथी ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अपने निर्माणाधीन मकान के बाहर सो रहे 75 वर्षीय बुजुर्ग पर शावक के साथ पहुंची मादा हाथी ने हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना बाकारूमा रेंज की है।

दरअसल सोमवार की रात को बाकारूमा निवासी दौलतराम राठिया अपने निर्माणाधीन मकान के बाहर सो रहा था। उसके बगल में खाट पर उसकी पत्नी भी सो रही थी। तभी देर रात करीब 3 बजे जंगल से एक मादा हाथी अपने शावक के साथ गांव की ओर आ गई। जैसे ही मादा हाथी मकान के पास पहुंची, गांव के कुत्ते भौंकने लगे जिससे दौलतराम और उनकी पत्नी की नींद खुल गई। हाथी को देखकर दौलतराम उठने की कोशिश करने लगा, तभी मादा हाथी ने उस पर हमला कर दिया और पैरों से कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं हाथी को देख उसकी पत्नी चुपचाप खाट पर पड़ी रही, इससे उसकी जान बच गई। वन विभाग की मानें तो बाकारूमा क्षेत्र के प्रभावित गांवों में पहले से ही मुनादी कराई गई थी। घटना के समय पति-पत्नी घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान कुत्तों के भौंकने से हाथी उग्र हो गया और जैसे ही मृतक जागा, हाथी ने उस पर हमला कर दिया। फिलहाल विभाग द्वारा मामले की जांच और आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।



### शोर सुन कर जंगल की ओर भागे हाथी

हाथियों की जानकारी पाकर गांव के लोग एकत्रित होने लगे। वहीं दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने शोर मचाया तो मादा हाथी अपने शावक के साथ वापस जंगल की ओर लौट गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। मृतक के परिजनों को तत्काल राहत के तौर पर 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई है। बताया जा रहा है कि बाकारूमा रेंज में इस समय लगभग 19 हाथियों का दल घूम रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई वन विभाग द्वारा की जा रही है।

## 5 दूरस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में टेली मेडिसिन की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में दूर दराज के ग्रामीण इलाकों के मरीजों के लिए टेलीमेडिसिन सेवाओं की शुरुआत कर दी गई है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की पहल पर रायगढ़ जिले में दूरस्थ अंचलों में स्थित 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में यह टेलीमेडिसिन सेवा शुरु की गई है। अब इन स्वास्थ्य केन्द्रों से ही मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाईन उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स का रोस्टर तैयार किया गया हैए जिसके आधार पर प्रतिदिन अलग-अलग चिकित्सक इलाज के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसमें मेडिसिन के साथ अस्थिरोग, स्त्रीरोग, शिशुरोग, सर्जरी और नेत्ररोग के स्पेशलिस्ट डॉक्टर शामिल हैं। टेलीमेडिसिन से इलाज के लिए चिन्हांकित 5 स्थानों में नया सेटअप तैयार किया गया है जिसमें टीव्ही स्क्रीन में वेब कैमरा, माईक, हेडफोन और इंटरनेट कनेक्शन की सुविधा प्रदान की गई है। टेली मेडिसिन का लाभ दूरदराज के उन मरीजों को मिलेगा जिन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार की आवश्यकता होती हैए जिन्हें अस्पताल तक पहुंचने में कठिनाई होती थी। जिन स्थानों पर यह टेली मेडिसिन सेवा की शुरूआत की गई है, उस क्षेत्र के मरीज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर इसका लाभ उठा सकते है। इसके लिए वहां के मेडिकल स्टॉफ द्वारा मरीज की स्वास्थ्यगत समस्या के निदान हेतु टेली कॉलिंग के माध्यम से जिला अस्पताल से संपर्क करते विशेषज्ञ चिकित्सकों से कैमरे व स्क्रीन के माध्यम से कनेक्ट किया जाएगा।

## खबर संक्षेप


### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में ऑनलाइन आवेदन 23 तक

**जशपुरनगर।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण नवा रायपुर के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पत्थलगांव, तपकरा, कुनकुरी, बगीचा, कांसाबेल, आरा, दुलदुला, मनोरा एवं कस्तुरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में दाखिले के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 16 जुलाई से शुरू हो रही है। इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई रात्रि 11.59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। शा.औ.प्रशि. संस्था पत्थलगांव के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन केवल बेवसाइट के माध्यम से ही किए जा सकेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए इन समस्त शा.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के सूचना-पटल का अवलोकन किया जा सकता है। अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व विवरणिका को ध्यान पूर्वक पड़े ताकि किसी भी प्रकार की गलती न हो। अभ्यर्थी जरूरी जानकारी या मदद के लिए निकटतम शा.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से संपर्क कर मार्ग-दर्शन ले सकते हैं।

### आरा में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, नवा रायपुर अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दाखिले के लिए तृतीय चरण हेतु ऑनलाइन आवेदन 16 जुलाई से 23 जुलाई तक किया जा सकता है। औ.प्रशि. संस्था आरा के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई रात 11.59 बजे तक आवेदन कर सकते है।

### जिले में अब तक 5071.9 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 5071.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 15 जुलाई तक की स्थिति में 3228.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 205.5 वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 540.7 मिमी, मनोरा में 642.2 मिमी, कुनकुरी में 722.3 मिमी, दुलदुला में 353.5 मिमी, फरसाबहार में 442.0 मिमी, बगीचा में 500.2 मिमी, कांसाबेल में 530.5 मिमी, पत्थलगांव में 403.3 मिमी, सन्ना में 574.6 मिमी एवं बागबहार में 362.6 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### जनहानि के एक मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में



जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम झारमुण्डा, निवासी अमृत साय का सांप के काटने से 08 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता नन्दकिशोर साय हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अध्यक्ष ने पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

**जशपुरनगर।** अपने नाम परमेश्वर के अनुरूप ही जनपद पंचायत मनोरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष परमेश्वर भगत रविवार की रात 10 बजे पांच घायलों को बचाने मसीहा बनकर पहुंचे। दरअसल मनोरा क्षेत्र में तीन अगल-अलग जगहों पर एक्सीडेंट हुआ, जिसमें सोगड़ा के पास दो मोटरसाइकिल में आमने सामने जबरजस्त टक्कर हो गई। वही पहाड़ी कोरवा परिवार के टेम्पू और केसरा के बीच में जॉन डियर ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। हादसे के बाद पति पत्नी और 8 माह का बच्चा सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। मनोरा जनपद अध्यक्ष परमेश्वर भगत जब रास्ते पर एक्सीडेंट देखा तो फौरन रुककर उनको अपनी निजी वाहन में बैठाया,इसी बीच एक और घटना रास्ते पर दिखाई दिया और उनको भी अस्पताल लेकर पहुंच गए।

---

### ग्रामीणों को नहीं मिल रही इलाज की सुविधा

# कछार का उप स्वास्थ्य केंद्र रहता है बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

ग्राम कछार में बना उप स्वास्थ्य केंद्र लगातार बंद रहता है। यही कारण है,कि स्वाथ्य सबंधी इलाज के लिए यहां पहुंचने वाले ग्रामीणों को उप-स्वास्थ्य केंद्र का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शासन ने लोगों को ग्राम में ही स्वास्थ्य लाभ देने की मन्सा से यहां उप स्वास्थ्य केंद्र खोला था। करीबन एक वर्ष पहले यह उप स्वास्थ्य केंद्र हमेशा खुला रहता था, पर अब लगातार बन्द रहने से ग्रामीणों को उप स्वाथ्य केंद्र का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस सबन्ध में पत्थलगांव बीएमओ को मौखिक जानकारी दी जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सोमवार को यहां पदस्थ कर्मचारी के मनमौजी के कारण उप स्वाथ्य केंद्र बन्द था,जबकि इसी उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वाथ्य कर्मी के रहने की व्यवस्था शासन द्वारा की गई है। यहां के कर्मचारियों के जिम्मेदारी से कार्य नहीं करने के कारण मरीज परेशान होते हैं।



कछार का बंद पड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र।

#### जांच के बाद कार्रवाई करेंगे

पत्थलगांव बीएमओ डॉ.जे मिंज ने कछार उप स्वास्थ्य केंद्र के लगातार बन्द रहने पर उन्होंने कहा, आज मंगलवार को टीकाकरण करने का दिन है। अगर उप-स्वाथ्य केंद्र लगातार बन्द रहता है तो हम जांच कर कार्रवाई करेंगे।

## जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के एमआईएस प्रशासक निलंबित

**जशपुरनगर।** लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ के उप संचालक ने कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला जशपुर के एमआईएस प्रशासक लालमन साय को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों, निर्देशों की अवहेलना किये जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है।

- पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर की गई कार्रवाई

कलेक्टर जिला जशपुर के पत्र 26 जून 2025 के अनुसार कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला जशपुर के एमआईएस प्रशासक लालमन साय को सौपे गये पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों, निर्देशों की अवहेलना किये जाने के कारण कलेक्टर, जिला जशपुर के द्वारा कारण बताओं सूचना जारी किया गया था, जिसका जवाब समाधान कारक नही पाया गया। श्री साय का उक्त कृत्य छग सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 03 के सर्वथा विपरीत है।छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) (क) के अन्तर्गत लालमन साय, एमआईएस प्रशासक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला जशपुर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलम्बन काल में लालमन साय, एमआईएस प्रशासक का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग सरगुजा नियत किया गया है। निलम्बन अवधि में लालमन साय, एमआईएस प्रशासक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## प्रयास विद्यालय में पुलिस का जागरूकता अभियान



**जशपुरनगर।** बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार सजग है। इसी कड़ी में नोनी रक्षा टीम द्वारा शनिवार 13 जुलाई को प्रयास विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को महिला सुरक्षा, सायबर अपराध, यातायात नियम, और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की बारीक जानकारियाँ दी गईं।इस अवसर पर एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती आशा तिर्की सहित महिला पुलिस टीम मौजूद रही। महिला पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच, अभिव्यक्ति ऐप, मानव तस्करी, टोना-टोटका प्रताड़ना, घरेलू हिंसा जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से समझाया।

#### साइबर योद्धाओं ने बताया सोशल मीडिया का सुरक्षित इस्तेमाल

कार्यक्रम में क्लिकसेफ अभियान के तहत प्रशिक्षित सायबर योद्धाओं ने बच्चों को बताया कि किस तरह फेसबुक, व्हाट्सएप, गूगल पे, फोन पे, इंस्टाग्राम जैसी सुविधाओं में ठगी के मामले हो रहे हैं। पासवर्ड की सुरक्षा, फिशिंग, फ्रॉड कॉल्स, एनीडेस्क जैसे ऐप्स से खतरा जैसे विषयों पर बच्चों को जागरूक किया गया।सायबर क्राइम से बचाव के लिए राष्ट्रीय टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी ऑनलाइन ठगी की स्थिति में कैसे त्वरित कार्रवाई की जा सकती है।

## चार साल से फरार ठग गिरफ्तार

- ग्रामीण महिलाओं के नाम पर 35 लाख की ठगी
- ऑपरेशन अंकुश के तहत कुनकुरी से पकड़ा गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

चार वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरारी काट रहा 35 लाख रुपये की ठगी का आरोपी आखिरकार जशपुर पुलिस के ₹ऑपरेशन अंकुश₹ में फंस ही गया। आरोपी संदीप खाण्डेल को पुलिस ने सोमवार देर शाम कुनकुरी से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने माइक्रोफाइनेंस कंपनियों से ग्रामीण महिलाओं के नाम पर लोन निकालकर मोटी रकम हड़प ली थी। मामला थाना आस्ता का है, जहां वर्ष 2021 में आरोपी के विरुद्ध धारा 420, 34 भादंवि के तहत अपराध दर्ज किया गया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### ऑपरेशन अंकुश से मिली सफलता

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि ₹जिले में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन अंकुश चलाया जा रहा है। संदीप खाण्डेल की गिरफ्तारी इसी अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। भविष्य में भी ऐसे आरोपियों को पकड़ने अभियान जारी रहेगा।

#### भोपाल-इंदौर में बदलता रहा ठिकाना

गिरफ्तार आरोपी संदीप खाण्डेल 41 वर्ष, निवासी ग्राम दपकला पोस्ट लठबोरा, तहसील फरसाबहार, बीते चार वर्षों से भोपाल और इंदौर में पहचान छिपाकर रहता रहा। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी, लेकिन बार-बार ठिकाना बदलने से पकड़ में नहीं आ रहा था।14 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संदीप कुनकुरी में आया हुआ है और भागने की फिराक में है। तत्काल थाना प्रभारी आस्ता उप निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। घेराबंदी कर आरोपी को दौड़ाकर पकड़ा गया।

#### महिलाओं से 11 हजार रुपए वसूलकर बाकी रकम हड़पी

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह भारत फाइनेंस और स्पंदना कंपनी में बतौर मैनेजर कार्य करता था। वर्ष 2020-21 के दौरान उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर आस्ता, मनोरा, टेम्पू, खड़कोना, डांड़टोली, चड़िया, बहेरना जैसे इलाकों की महिलाओं को कंपनी से जोड़कर 25-25 हजार का लोन दिलवाया। इसके बाद प्रत्येक महिला से 11-11 हजार रुपये यह कहकर वसूले गए कि यह कंपनी को वापस देना है, जबकि शेष राशि आरोपी व उसके साथी हड़प जाते थे। इस तरह करीब 35 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई।



**जशपुरनगर।** विधायक श्रीमती रायमुनी भगत नवा रायपुर स्थित नवीन विधानसभा परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। यहां उन्होंनेः एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा में रखा गया।यहां मुख्यमंत्री सहित सभी विधायकों के द्वारा पौधारोपण करते हुए गुलमोहर का पौधा लगाया। इसी क्रम में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत द्वारा पौधारोपण किया गया।

**शासन से 14 सूत्रीय मांगों पर जल्द निर्णय की अपेक्षा**

## दो दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे एनएचएम कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला एनएचएम संघ जशपुर इकाई ने वर्षों से लंबित नियमितीकरण समेत अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य शासन का ध्यानाकर्षण किया है। मांगों की पूर्ति नहीं होने के विरोध स्वरूप जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, जिला चिकित्सालय तथा समस्त विकासखंडों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकारी-कर्मचारी दिनांक 16 और 17 जुलाई 2025 को दो दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

#### संघ की चेतावनी

संघ ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।



सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

#### सरकार के किए वादों को पूरा करने ध्यानाकर्षण

कर्मचारियों ने बताया कि इस सामूहिक अवकाश का उद्देश्य विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान शासन द्वारा किए गए वादों, विशेषकर ₹मोदी की गारंटी₹ के अंतर्गत 100 दिवस में कमेटी गठन व नियमितीकरण हेतु निर्णय की मांग को लेकर किया जा रहा है। साथ ही कर्मचारियों ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा को लागू कराने की भी मांग दोहराई है।

#### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा

इसी क्रम में 15 जुलाई को जिला एनएचएम संघ जशपुर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला जशपुर को सामूहिक अवकाश हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर स्कूलों एवं क्षेत्रों में विधिक जागरूकता शिविर

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के प्लॉन ऑफ एक्शन वर्ष 2025-26 के माह जुलाई 2025 में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला एवं तालुका स्तर के अधिकार मित्रों -पैरालीगल वॉलीण्टियर्स द्वारा जनसमुदाय तक विधिक जागरूकता के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के प्रयोजनार्थ जशपुर जिले के विभिन्न स्कूलों एवं क्षेत्रों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम व शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के अधिकार मित्रों-पैरालीगल वॉलीण्टियर्स द्वारा बढ़ती हुई जनसंख्या, जनसंख्या विस्फोट, बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न होने वाले समस्या एवं उनके समाधान के संबंध में जिले के स्कूलों एवं विभिन्न क्षेत्रों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही पैरालीगल वॉलिण्टियर्स द्वारा नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के संबंध में कानूनी जानकारी, शिक्षा का अधिकार, संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्य, नशा मुक्ति, बालश्रम निषेध, मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, नेशनल लोक अदालत, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत विधिक सहायता-सलाह हेतु पात्रता, घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006, किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986, निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता, मध्यस्थता के संबंध में जानकारी साझा किया गया।

## पत्थलगांव में चिल्हर की कमी



#### उपलब्ध कराई जाएगी चिल्हर

स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर धर्मेंद्र रावत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही मेरे द्वारा पत्थलगांव स्टेट बैंक में चिल्हार की उपलब्धता कराई जाएगी एवं बैंक प्रबंधन से उपभोक्ताओं से अच्छे व्यवहार के लिए भी कहा जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नगर के दुकानों में चिल्हर की कमी से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सब्जी मार्केट से लेकर दुकानदारों के पास 10 रुपए एवं 20 रुपए के नोट एवं सिक्के नहीं मिल रहे हैं। ग्राहकों के पास भी चिल्हर नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि हम अन्य जिलों व शहरों से थोड़े बहुत सिक्के मंगा कर काम चला रहे हैं।

अब सवाल उठता है कि आखिर 10 ,एवं बीस के चिल्हर नोट एवं सिक्के कहा गुम गए। कुछ वर्ष पहले की बात बताएं तो 10 के सिक्के कोई लेना नहीं चाहता था और आज स्थिति है कि 10 के सिक्के या नोट कही मिल नहीं पा रहा है। व्यापारी मुकेश अग्रवाल ने बताया कि हम 10, 20 के नोट एवं सिक्कों के लिए बहुत परेशान है। उन्होंने बताया कि पत्थलगांव के एसबीआई या अन्य बैंक उपभोक्ताओं को 10 या 20 के नोट या सिक्के उपलब्ध कराने में पूरी तरह असफल है। जबकि बगल में धरमजयगढ़ चेस्ट एसबीआई बैंक में काफी सिक्के मौजूद है पर वहां से बार बार लाना ब्यापारियों के लिए मुश्किल है। पत्थलगांव एसबीआई बैंक के द्वारा पूर्व में व्यापारियों की सुविधाओं के लिए समय समय पर चेस्ट बैंक से चिल्हर नोट सिक्कों का मंगा कर दिया जाता रहा था पर हाल के दिनों में एसबीआई बैंक के प्रबंधन उपभोक्ताओं को किसी तरह चिल्हर मदद करता नहीं दिख रहा है।

### शून्य संस्थागत प्रसव वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने दिए निर्देश

# सीएमएचओ ने पीएचसी लुडेग और कुकरगांव का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- नियमित साफ-सफाई रखने, ओपीडी 24 घंटे खुला रखने एवं आने वाले मरीजों का तत्परता से उपचार करने के निर्देश

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण, सुविधाओं की सुगम उपलब्धता एवं मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा के द्वारा विगत दिवस विकासखण्ड पत्थलगांव अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लुडेग और कुकरगांव का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की नियमित साफ-सफाई रखने, मौसमी बीमारियों एवं सर्पदंश के सीजन को देखते हुए ओपीडी 24 घंटे खुला रखने एवं आने वाले मरीजों का तत्परता से उपचार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सहयोगात्मक भावना के साथ प्रसव कराने एवं सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराकर जननी सुरक्षा योजना का लाभ दिलाने और प्रसव पश्चात आईयूसीडी निवेश करने व प्रसव कक्ष का निर्धारित प्रक्रिया के तहत साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। उन्होंने उच्च जोखिम वाले हितग्राहियों का लाइन लिस्टिंग करने तथा उन्हे आवश्यक परामर्श एवं उपचार देने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मौसमी बीमारियों से निपटने हेतु आवश्यक दवाईयों के भण्डारण रखने, एक्सपाइरी दवाईयों का उचित निपटान करने, सर्पदंश के प्रकरण आने पर तत्परता से उपचार करने के निर्देश दिये। आईपीडी कक्ष के निरीक्षण कर भर्ती मरीजों का हाल जाना तथा उनकों मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया, साथ ही वार्ड की नियमित साफ-सफाई करने एवं बायोमेडिकल वेस्ट का निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप मैनेजमेंट करने व डिस्पोज करने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ डॉ.जात्रा ने अस्पताल में शुद्ध पेय जल की आपूर्ति करने तथा पानी के टंकियों को साफ रखने, शौचालयों का नियमित सफाई करने एवं जलापूर्ति करनें के निर्देश दिये गये। उन्होंने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को निर्धारित मुख्यालय में रहकर कार्य संपादन करने के निर्देश दिए। साथ ही मौसमी बीमारियों और आगामी विधानसभा सत्र को ध्यान में रखते हुए किसी भी परिस्थिति में मुख्यालय छोड़ने से पूर्व उच्च अधिकारियों से छुट्टी प्राप्त कर ही प्रस्थान करने के निर्देश भी दिये गये। उन्होंने सेक्टर बैठक लेकर समस्त सीएचओ एवं आरएचओ महिलाओं को शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने, आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनाने, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सभी गर्भवती महिलाओं का जांच कराने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ.जात्रा ने शून्य संस्थागत प्रसव वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए पीएचसी प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होंने सभी मितानिन एवं डिपोहोल्डर के दवाई पेटी का निरीक्षण कर आवश्यक दवाइयों के स्टॉक की जांच करने के साथ ही एक्सपाइरी दवाईयों को हटाने का भी निर्देश दिए।



उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करते डॉ. जात्रा।

## निर्माण कार्यों में देरी पर कलेक्टर ने सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में सभी जनपद पंचायतों के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई।

- कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की

इस बैठक में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए धीमी गति से संचालित कुछ विकास कार्यों पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए स्वीकृति उपरांत समय सीमा में अप्रारम्भ कार्यों पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ऐसे कार्य जिनमें राशि जारी होने के उपरांत कार्य में प्रगति नहीं है। ऐसे कार्यों से ठेकेदार को हटाकर ब्लैकलिस्ट करते हुए जारी राशि की वसूली संबंधित कार्य एजेंसी से करने के निर्देश दिए। ऐसे कार्यों को अन्य व्यक्ति को प्रदान कर जल्द से जल्द पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के प्रत्येक कार्य पर चर्चा कर उनकी स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी निर्माण कार्यों के स्थलों पर सूचना पटल स्थापित कर उसमें कार्य के संबंध में कार्य का नाम, कार्य एजेंसी, लागत, प्रारम्भ दिनांक, कार्य की अवधि आदि जानकारी अवश्य रूप से लोगों की जानकारी हेतु अंकित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वीकृत कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं प्रगति निरंतर फील्ड में जाकर जिओ टैगिंग फ़ोटो के साथ अपलोड करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने क्षमता विकास के लिए निरंतर समीक्षा करने एवं कोई भी कार्य 3 वर्ष पूर्व के शेष ना रहें इसके लिए सरपंच एवं सचिवों के साथ समीक्षा करते हुए तीव्र गति से कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



# द रिवोल्यूशनरीज का फर्स्ट लुक जारी...

**मुंबई।** द रिवोल्यूशनरीज की पहली झलक सोमवार को सामने आई है। सीरीज में भुवन बाम, रोहित सराफ और प्रतिभा रांटा एक अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, जो उनके फैंस को उत्साहित कर रहा है। ये तीनों ही कलाकारों ने इससे पहले इस तरह की भूमिका नहीं निभाई है। द रिवोल्यूशनरीज संजीव सान्याल की किताब रिवोल्यूशनरीजः द अदर स्टोरी ऑफ हाउ इंडिया वन इट्स फ्रीडम पर आधारित है। इस सीरीज की कहानी उन बहादुर युवा भारतीय क्रांतिकारियों की है जो ब्रिटिश राज को खत्म करने के लिए सशस्त्र संघर्ष को जरूरी मानते थे। द रेवोल्यूशनरी उनके जीवन, बलिदान और देश के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है।



लाइफ Style

# उर्वशी

## मिस्ट्री मैन के साथ विंबलडन में आई नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला सुर्खियों में रहना बखूबी जानती हैं। वे अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अक्सर चर्चा में आ जाती हैं। एक बार फिर ऐसा हुआ है। दरअसल, उर्वशी विंबलडन 2025 में पहुंचीं। वे बॉबी डॉल बनकर पहुंचीं।

दिलचस्प बात यह है कि वे यहां मिस्ट्री मैन के साथ नजर आई हैं, जिसके बाद फैंस पूछ रहे हैं कि आखिर वह शख्स कौन है? उर्वशी रौतेला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज रविवार को एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने विंबलडन से अपनी झलकियां शेयर की हैं। उर्वशी ने इसके साथ बताया कि वहां उनकी मुलाकात राजकुमारी केट मिडलटन से हुई। उर्वशी ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन आपसे मिलना सचमुच सम्मान की बात है। आपसे मिलना शानदार रहा।' इसके अलावा उर्वशी ने एक तस्वीर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर की है। वे पोज देती नजर आ रही हैं और उनके बराबर में एक शख्स खड़ा है। अभिनेत्री ने शख्स का चेहरा व्हाइट हार्ट इमोजी से हाइड कर दिया है। उर्वशी की यह फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई है। फैंस जानने के लिए उत्सुक हैं कि जिस शख्स का चेहरा छिपाया गया है, आखिर वह मिस्ट्री मैन कौन है? उर्वशी रौतेला व्हाइट कलर की ड्रेस में बार्बी डॉल वाले लुक में विंबलडन में पहुंची हैं। उनका स्टाइल तो चर्चा में है ही, साथ ही उनके बैग में लगीं चार लाबुबु डॉल ने भी लाइमलाइट चुरा ली है।

हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन के अवतार में छाए डेविड

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्म 'सुपरमैन' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हॉलीवुड स्टार डेविड कोरेन्सवेट की सुपर हीरो फिल्म 'सुपरमैन' लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। सुपरमैन ने रविवार को 7.21 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। अब तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 23.71 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। सुपरमैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी सुपरहीरो फिल्म है। यह डीसी कॉमिक्स के इसी नाम के किरदार पर आधारित है।




# प्रियंका अपनी सासू मां से धुलवाती थीं कपड़े

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा को हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में उनके काम के लिए काफी तारीफ मिल रही है। एक्ट्रेस ने हाल ही में बताया कि उन्हें भी बाकी लोगों की तरह घर का एक काम सबसे कम पसंद है। एक्ट्रेस ने शेयर किया कि उन्होंने एक बार अपनी सास को धोखा देकर यह काम करवाया था। प्रियंका चोपड़ा ने कहा था, 'कपड़े धोना मेरे लिए एक मुश्किल काम है। मुझे यह मुश्किल लगता है। मैं हमेशा किसी और से यह काम करवाने की कोशिश करूंगी।' उन्होंने याद किया कि कैसे उन्होंने अपने पति निक जोनस की मां डेनिस मिलर-जोनस से यह काम करवाया था। 'मैं कपड़े आयरन कर सकती हूं, तह करके रख सकती हूं। लेकिन, कपड़े धोने की प्रक्रिया से गुजरना वाकई बहुत मुश्किल है।



# दिल पे चलाई छुरियां में अंजलि के साथ राजू

**मुंबई।** अंजलि अरोड़ा सोनू निगम के गाने 'दिल पे चलाई छुरियां' के रीमिक्स वर्जन में राजू कलाकार के साथ नजर आई हैं, जो पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। सोनू निगम ने इस गाने में अपनी आवाज दी है और लोग राजू कलाकार को मौका देने के लिए उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कि कुछ दिन पहले सोनू ने राजू कलाकार के साथ एक रील भी शेयर किया था। 30 साल पहले का ये गाना हाल ही में अचानक वायरल हो गया और इसकी वजह राजू भट्ट यानी राजू कलाकार हैं। दरअसल राजू के दोस्त ने उनकी आवाज में ये गाना रेकॉर्ड किया और फिर सोशल मीडिया पर डाला। इसके बाद ये गाना आग की तरह सोशल मीडिया पर नजर आने लगा। यहां से रील्स बनने का भी सिलसिला शुरू हुआ और रेमो डिसूजा जैसे कई कलाकारों ने इस गाने पर रील भी बनाए।



# धड़क-2 के ट्रेलर पर लुटाया प्यार...

**मुंबई।** धड़क 2 का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इसके ट्रेलर में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए। प्रशंसकों को यह ट्रेलर बेहद पसंद आया। वहीं, अमिताभ बच्चन ने भी फिल्म के ट्रेलर को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक्स हैंडल पर अमिताभ बच्चन ने फिल्म धड़क 2 का आधिकारिक ट्रेलर शेयर करते हुए इसकी तारीफ की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'टी 5440 - सभी को शुभकामनाएं। अमिताभ की इस पोस्ट पर 'धड़क 2 की निर्माता मीनू अरोड़ा ने आभार जताते हुए लिखा, आपका आशीर्वाद और समर्थन मेरे और हम सभी के लिए बहुत मायने रखता है। धन्यवाद सर। धड़क 2 यह फिल्म प्यार, जाति और सामाजिक बंधनों की कहानी दिखाती है।

टीवी मसाला



# सीआईडी-2 को रिप्लेस करेगा कौन बनेगा करोड़पति 17

**नई दिल्ली।** 'सीआईडी' की सफलता को देखते हुए मेकर्स इसका दूसरा सीजन 'सीआईडी 2' लेकर आए थे, लेकिन इसकी कमजोर कहानी दर्शकों को इंप्रेस नहीं कर पा रही है। यहां तक कि पुरानी कास्ट को वापस लाने का भी फायदा नहीं दिख रहा है। अब खबर है कि इसे बंद किया जा रहा है। अमिताभ बच्चन का 'कौन बनेगा करोड़पति 17' इसे रिप्लेस करेगा। करीब 6 साल के गैप के बाद फेमस क्राइम थ्रिलर सीआईडी अपने दूसरे सीजन के साथ टीवी पर लौटा था। इसमें एसीपी आयुष्मान के रूप में टीवी एक्टर पार्थ समथान की एंट्री हुई थी। शिवाजी साटम के किरदार एसीपी प्रद्युमन को कुछ समय के लिए ब्रेक दिया गया था, तब चर्चा हुई थी कि क्या उन्होंने शो छोड़ दिया है। इसके बाद कुछ पुराने चेहरे वापस लौटे, जिनमें श्रद्धा मुसले और जानवी छेड़ा शामिल हैं। अटकलें तेज हो रही हैं कि फेमस क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' अपने 17वें सीजन के साथ वापसी कर सकता है। ये प्राइम टाइम स्लॉट में सीआईडी 2 की जगह ले सकता है। हालांकि, न तो सीआईडी के निर्माताओं और न ही केबीसी की प्रोडक्शन टीम ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। लेकिन टीवी के अंदरूनी सूत्रों के बीच कानाफूसी इसी ओर इशारा कर रही है।

## पल्लवी ने शादी के 22 साल बाद लिया तलाक

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'पांड्या स्टोर' की एक्ट्रेस पल्लवी राल और उनके पति सूरज राव, जो एक टीवी डायरेक्टर हैं, ने 22 साल बाद तलाक लेने का फैसला किया है। उनके दो बच्चे हैं, और आपसी तालमेल की कमी के कारण उन्होंने यह मुश्किल कदम उठाया। पल्लवी ने एक इंटरव्यू में



बताया, 'सूरज और मेरे दो बच्चे हैं। हमारे बीच पिछले कुछ सालों से तालमेल की दिक्कत हो रही थी और अब हमने आखिरकार अलग होने का फैसला किया है। ये हमारे लिए मुश्किल फैसला था, क्योंकि हमारी 21 साल की बेटी और 18 साल का बेटा है। लेकिन, कभी-कभी आपसी सहमति से अलग होना और शांति से भरा जीवन जीना अच्छा होता है। मैं सूरज की इज्जत करती हूं और हमेशा उनके अच्छे की कामना करती हूं।' पल्लवी के काम की बात करें तो उन्होंने कयामत से कयामत, कुल्फी कुमार बाजेवाला और शुभारंभ समेत कई टीवी शोज में काम किया है। वहीं, सूरज ने क्योंकि सास भी कभी बहू थी और शाका लाला बूम बूम' का डायरेक्शन किया है। दोनों की मुलाकात मुंबई में एक टीवी शो के सेट पर हुई थी। फिर 2003 में इन्होंने शादी कर ली थी। बता दें कि इनके पहले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के सेट पर मिले लता सभरवाल और संजीव सेठ ने भी अपना रिश्ता खत्म कर लिया था।

# मनोज, करीना व शर्मिला को मिला नामांकन
# दिखाई जाएंगी गुरु दत्त की फिल्में

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी, मोहनलाल, करीना कपूर खान और शर्मिला टैगोर जैसे कलाकारों को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 में 'बेस्ट एक्टर' के लिए नामांकन मिला है। इसके अलावा बेस्ट फिल्म कटेगरी में होमबाउंड, कल्कि 2898 एडी, एल2: एम्पुरान, महाराज, मेयाझगन, स्त्री 2 और सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव को नामांकन मिला है।

***सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री के लिए मिला नामांकन*** :आईएफएफएम में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की दौड़ में अभिषेक बच्चन, आदर्श गौरव, ईशान खट्टर, जुनैद खान, मनोज बाजपेयी और मोहनलाल शामिल हैं। इसी तरह से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की दौड़ में अंजलि शिवरामन, करीना कपूर खान, शामला हमजा, शर्मिला टैगोर और श्रद्धा कपूर शामिल हैं।

***सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए नामांकन*** : वहीं, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक अवॉर्ड के लिए अरण्य सहाय, लक्ष्मीप्रिया देवी, नीरज घेवन, ओनिर, रीमा कागती, रीमा दास, वर्षा भरत और विपिन राधाकृष्णन को नामांकन मिला है। इन लोगों ने अपने क्षेत्र में बेहतरीन काम किया है।

***सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज के लिए नामांकन*** :

इसी तरह से सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज के लिए ब्लैक वारंट, ग्यारह ग्यारह, खौफ, कोटा फैक्ट्री सीजन 3,



### 14 से 24 अगस्त तक चलेगा फेस्टिवल

आईएफएफएम 2025 फेस्टिवल 14 अगस्त से 24 अगस्त तक जारी रहेगा। इस फेस्टिवल में खास जूरी सभी अवॉर्ड्स तय करेगी। इस फेस्टिवल में गुरु दत्त की विरासत का जश्न मनाया जाएगा। इस मौके पर उनकी फिल्में प्यासा और कागज के फूल को दिखाया जाएगा।

मनोरथंगल, पाताल लोक सीजन 2, थलेवाट्टम और त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर को नामांकन मिला है।

***वेब सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री*** : वेब सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए अनन्या पांडे, मोनिका पंवार, शबाना आजमी, तिलोत्तमा शोम, निमिषा सजयन, पार्वती थिरुवोथु और रसिका दुग्गल को नामांकन मिला है।

# आंखों की गुस्ताखियां से लेकर गाइड तक अंग्रेजी कहानियों पर बनी हैं ये फिल्में...

**नई दिल्ली।** 11 जुलाई को सिनेमाघरों में 'आंखों की गुस्ताखियां' रिलीज हुई है। इस फिल्म से संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। फिल्म में शनाया कपूर के साथ विक्रांत मैसी हैं। उन्होंने फिल्म में नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाया है। यह फिल्म रस्किन बॉण्ड की शॉर्ट स्टोरी 'द आईज हैव इट' पर आधारित है। ऐसे में आज हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने वाले हैं जो कहानी या उपन्यास पर आधारित हैं।

**थ्री इडियट्स** : साल 2009 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 'थ्री इडियट्स' को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। यह फिल्म चेतन भगत के उपन्यास 'फाइव पॉइंट समवन' पर आधारित है। इसमें बहुत हल्के अंदाज में भारत में पढ़ाई व्यवस्था पर चुटकी ली गई है। फिल्म में यह बताने की कोशिश की गई है कि आपको जो अच्छा लगता है आप उस काम में अपना कॅरियर बनाएं।

**द नेमसेक** : फिल्म 'द नेमसेक (2006)' झुंपा लाहिड़ी के उपन्यास 'द नेमसेक' पर आधारित है। इसका निर्देशन मीरा नायर ने किया है। फिल्म को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। फिल्म में दिखाया गया है कि एक परिवार





कलकत्ता से न्यूयॉर्क आने के बाद भी भारतीय परंपराओं को बनाए रखता है और कामयाबी के लिए संघर्ष करता है। फिल्म में इरफान खान और तब्बू ने अच्छा काम किया है।

**रेनकोट** : फिल्म 'रेनकोट (2004)' दो लघु कहानियों पर आधारित है। पहली ओ. हेनरी की 'द गिफ्ट ऑफ द मैगी' और मनोज बसु की 'विरोधिंशा'। फिल्म में अजय देवगन और ऐश्वर्या राय अहम किरदार में हैं। इसका निर्देशन रितुपर्णो घोष ने किया है। फिल्म में दो अलग-अलग प्रेम कहानियां दिखाई गई हैं। ये लोग एक बरसात के दिन मिलते हैं और अपने अतीत को याद करते हैं।

**गाइड** : फिल्म 'गाइड (1965)' में देव आनंद और वहीदा रहमान थे। यह फिल्म आरके नारायण के उपन्यास 'द गाइड' पर आधारित थी। इसका निर्देशन विजय आनंद ने किया था। फिल्म में दिखाया गया है कि एक टूरिस्ट गाइड की मुलाकात एक नाखुश शादीशुदा औरत से होती है। वह डांस सीखना चाहती है। उसकी मदद से वह एक कामयाब डांसर बन जाती है।

## दिलीप कुमार से लेकर एनटीआर तक के साथ किया काम

# पहली कन्नड़ सुपरस्टार, 161 फिल्मों में किया लीड हीरोइन का रोल



*मुंबई। लगभग 200 से अधिक फिल्में करनी वाली बी. सरोजा देवी के निधन की खबर से दक्षिण भारतीय सिनेमा में शोक की लहर है। उन्होंने कन्नड़, तेलुगु, तमिल के अलावा हिंदी फिल्मों में भी काम किया। बॉलीवुड में दिलीप कुमार के अलावा जाने-माने अभिनेताओं के साथ अभिनय किया था। सरोजा देवी को कन्नड़ सिनेमा में पहली सुपरस्टार दर्जा भी मिला था।*

### अभिनय के लिए परिवार से मिला प्रोत्साहन

बी. सरोजा देवी का जन्म (7 जनवरी 1938) मैसूर राज्य (बेंगलुरू) के एक मध्यवर्गीय परिवार में हुआ। पिता एक पुलिस ऑफिसर थे और मां गृहिणी। परिवार ने ही सरोजा को डांस सीखने के लिए मोटिवेट किया। फिल्मों में जाने के लिए उन्हें मनाही नहीं थी। सरोजा ने भी क्लासिकल डांसर के तौर पर ट्रेनिंग ली। जब वह 13 साल की थीं तो एक कार्यक्रम में गाना गा रही थीं, तब प्रोड्यूसर कृष्णमूर्ति की नजर उन पर पड़ी। आगे चलकर 17 साल की उम्र में उन्हें कन्नड़ फिल्म 'महाकवि कालिदास (1955)' से काम करने का मौका मिला, फिल्म में उन्होंने सपोर्टिंग रोल किया। यह फिल्म हिट हुई और सरोजा को इंडस्ट्री में पहचान मिली।

### हिंदी फिल्मों में जाने-माने अभिनेताओं संग किया काम

दक्षिण भारतीय फिल्मों के अलावा सरोजा देवी ने हिंदी फिल्मों में भी उम्दा अभिनय से दर्शकों का दिल जीता था। वह हिंदी फिल्म पैगाम(1959) में दिलीप कुमार के साथ नजर आईं। साथ ही राजेंद्र कुमार, सुनील दत्त, शम्मी कपूर जैसे अभिनेताओं के साथ सरोजा देवी ने हिट फिल्में दी थीं। राज कपूर के साथ भी काम करने का मौका फिल्म ' नजराना(1961) में सरोजा देवी को मिला, मगर डायरेक्टर सी.वी श्रीधर के साथ विवाद के कारण फिल्म से उन्हें रिप्लेस कर दिया गया। बाद में फिल्म में सरोजा देवी जगह वैजयंतीमाला को लिया गया। शादी के बाद भी सरोजा देवी ने फिल्मों में अभिनय जारी रखा। उन्होंने श्री हर्षा से साल 1967 में शादी की। सरोजा देवी के पति पेशे से इंजीनियर थे। साल 2019 में उन्होंने कन्नड़ फिल्म नटसर्वभूमा में कैमियो किया। सरोजा देवी के तौर पर ही फिल्म का हिस्सा बनीं।



### एम जी रामचंद्रन, जैमीनी गणेशन के साथ भी जमी जोड़ी

आगे चलकर बी. सरोजा देवी ने कई हिट दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम किया। वह 1955 से 1984 के बीच लगभग 29 साल तक लीड हीरोइन के रोल में नजर आईं। लगभग 161 फिल्मों में लीड हीरोइन बनी थीं। वह ऐसा करने वाली अकेली हीरोइन हैं। उन्होंने साउथ के मशहूर एक्टर एनटीआर के साथ भी कई फिल्में कीं। बड़े पर्दे पर इनकी जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। साथ ही एम जी रामचंद्रन, जैमीनी गणेशन जैसे चर्चित दक्षिण भारतीय अभिनेताओं के साथ भी कई फिल्में सरोजा देवी ने काम कीं।

### सरोजा देवी को मिले ये सम्मान

सरोजा देवी ने सिनेमा में जो योगदान दिया, उसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। भारत सरकार द्वारा उन्हें साल 2008 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। साल 1992 में पद्म भूषण और 1969 पद्म श्री से सम्मानित किया गया। साल 1994 में फिल्मफेयर ने उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड (साउथ) से सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### पीडीएस संचालन हेतु आवेदन 19 तक

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली तहसील रायगढ़ के ग्राम पंचायत सियारपाली, ग्राम पंचायत टारपाली एवं ग्राम पंचायत मनुवापाली में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए नवीन संचालन एजेंसी की नियुक्ति की जानी है। जिसके लिए 19 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति अपने पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा रायगढ़ में 19 जुलाई को शाम 5 बजे तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु 23 तक आवेदन

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लैलूंगा जिला.रायगढ़ में सत्र 2025-26 एवं 2025-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गए है। जिसमें विभिन्न व्यवसायों के रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 16 से 23 जुलाई तक आमंत्रित किए गए है। इच्छुक विद्यार्थी संचालनालय के वेब पोर्टल लिंक में जाकर प्रवेश हेतु अपना आनलाईन आवेदन जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संस्था के मार्गदर्शन केन्द्र से संपर्क कर सकते है।

### फेडरेशन द्वारा 16 को निकाली जाएगी वादा निभाओ रैली

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन तहसील शाखा अकलतरा के बैनर तले 16 जुलाई को वादा निभाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली ब्लॉक संयोजक पुष्पराज सिंह चंदेल के नेतृत्व में जनपद पंचायत कार्यालय अकलतरा से प्रारंभ होकर सभी शासकीय कार्यालयों में भ्रमण करते हुए एसडीएम-तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपने के साथ समाप्त होगी। इस ऐतिहासिक रैली में अकलतरा तहसील के समस्त शासकीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी क्रमशः रैली में सम्मिलित होते हुए संयुक्त रूप से अपनी एकजुटता दिखाएंगे और ज्ञापन सौंपेंगे।

### दोस्ती के बाद ब्लैकमेलिंग: दो युवतियों समेत 3 गिरफ्तार



**चांपा।** सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती के बाद एक युवक को बदनाम करने की धमकी देकर पैसे लूटने की कोशिश कर रहे दो युवतियों सहित तीन लोगों को चांपा पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ने में सफलता पाई है। मामला थाना चांपा क्षेत्र का है। इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय युवक कुछ समय से मानसिक तनाव में था। परिजनों की पूछताछ पर उसने खुलासा किया कि मार्च 2024 में कोरबा निवासी एक युवती से सोशल मीडिया पर उसकी जान-पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान युवक ने युवती के कहने पर उसे कुछ फोटो और वीडियो भेजे थे। इसके बाद युवती और उसके साथियों ने उसे धमकी देकर 20 हजार रुपए की मांग शुरू कर दी। युवक ने परिजनों को बताया कि आरोपी 12 जुलाई को चांपा आकर पैसे लेंगे। उसी दिन एक युवती उसके घर पहुंची और पिता से गिफ्ट देने की बात कहकर बहस करने लगी। पूछताछ में युवती ने गाली-गलौच की और भागने लगी। परिजन जब पीछा करते हुए मुख्य सड़क तक पहुंचे तो वहां पहले से दो लोग एक युवक और एक युवती स्कूटी पर मौजूद थे। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल किया कि वे युवक से पैसे लेने आए थे और फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रकम वसूलने की योजना थी।

## नोटिस मिलने के बाद शहर के व्यापारियों में हड़कंप

# नाले पर कब्जा नहीं चलेगा! 48 व्यावसायियों को मिला अवैध निर्माण हटाने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लगातार बारिश और जलभराव की बढ़ती समस्या को देखते हुए नगर निगम प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। शहर के मुख्य क्षेत्रों में बह रहे नालों के ऊपर किए गए स्थाई निर्माण और अवैध अतिक्रमण को हटाने की कवायद तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में रामनिवास टॉकीज से लेकर आरओबी रेलवे ट्रैक व सुभाष चौक तक सड़क के दोनों ओर नाले पर अतिक्रमण करने वाले कुल 48 व्यवसायियों को नोटिस जारी किया गया है।

नगर निगम के भवन विभाग द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि नाले पर किए गए निर्माण के चलते नालों की सफाई में रुकावट आ रही है और मलवा जमा होने से जल निकासी बाधित हो रही हैए जिससे पैठुडबरी, संजय मार्केट, रामनिवास टॉकीज क्षेत्र में बारिश के दौरान पानी भरने और सड़कों पर बहने की समस्या उत्पन्न हो रही है।

नगर निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बारिश से पहले जलभराव संभावित इलाकों का निरीक्षण कर समस्या की गंभीरता को परखा। उन्होंने रामनिवास टॉकीज के बगल के नाले की स्थिति का अवलोकन छत पर चढ़कर किया, जहां अतिक्रमण के कारण नाले की चौड़ाई बेहद कम पाई गई। इसके बाद कार्रवाई करते हुए गंधरी अंडरब्रिज क्षेत्र में जेसीबी की मदद से शराब भट्टी के पास बने अवैध चखना सेंटर समेत अन्य अतिक्रमण हटाए गए और आरपीएफ बैरक की दीवार तोड़कर पानी निकासी का रास्ता चौड़ा किया गया।



#### नाले से जुड़ी दीवारें तोड़ी, गहरीकरण कर निकासी

कमिश्नर के निर्देशन पर रामनिवास टॉकीज के सामने सड़क काटकर नाले से जोड़ा गया। वहीं मार्बल व्यवसायी चैतन्य केडिया द्वारा सहयोग देकर अपनी जमीन पर बनी दीवार तोड़ने की अनुमति दी गई, जिसके बाद पोकलेन से नाले की सफाई कर उसे गहरा किया गया। इससे जल निकासी व्यवस्था में सुधार हुआ है।

#### कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

नोटिस में नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 243, 244, 293 और 307 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि नालों पर बिना आयुक्त की पूर्व अनुमति के कोई भी निर्माण अवैध है। तीन दिन के भीतर वैध अनुमति दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर इन निर्माणों को अवैध मानते हुए निगम द्वारा हटाया जाएगा और उसकी लागत संबंधित व्यवसायियों से वसूल की जाएगी।

#### नाले पर निर्माण न करें: कमिश्नर

कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने सभी व्यवसायियों से अपील की है कि वे नाले के ऊपर किए गए स्थाई निर्माण एवं अतिक्रमण को स्वयं हटाएं और जल निकासी को सुगम बनाने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनहित में यह कार्रवाई आवश्यक है ताकि बारिश के मौसम में नागरिकों को जलभराव जैसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके नैनो का भरपूर स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




- राज्य में 1 लाख 79 हजार बॉटल नैनो डीएपी भंडारित, निरंतर आपूर्ति जारी

राज्य में रासायनिक उर्वरको कोई कमी नहीं हैं। खरीफ सीजन 2025 के लिए सभी प्रकार के रासायनिक उर्वरक सहकारी समितियों एवं नीजि विक्रय केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। वैश्विक परिस्थिति के चलते डीएपी खाद के आयात में कमी को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा इसके विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरकों की भरपूर आपूर्ति एवं वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

राज्य में डीएपी की आपूर्ति में कमी से किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा इसके विकल्प के रूप में 1 लाख 79 हजार बॉटल नैनो डीएपी, एनपीके उर्वरक का लक्ष्य से 25 हजार मेट्रिक टन अधिक तथा एसएसपी का निर्धारित लक्ष्य से 50 हजार मेट्रिक टन का अतिरिक्त भंडारण किया गया है। पोटाश के निर्धारित लक्ष्य 60 हजार मेट्रिक टन के विरूद्ध अब तक 77 हजार मेट्रिक टन से अधिक म्यूरेट ऑफ पोटाश का भंडारण किया गया है। नैनो डीएपी जो कि ठोस डीएपी के विकल्प के रूप में बीज थरहा, जड़ उपचार एवं बोआई रोपाई के पश्चात खड़ी फसल में छिड़काव के लिए उपयोगी है। नैनो डीएपी की निरंतर आपूर्ति राज्य में सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई है। चालू खरीफ सीजन के लिए डीएपी उर्वरक के निर्धारित 3.10 लाख मेट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 1 लाख 63 मेट्रिक टन से अधिक का भंडारण हो चुका है। डीएपी की आपूर्ति निरंतर जारी है। अभी जुलाई माह में 48 हजार मेट्रिक टन डीएपी उर्वरक की आपूर्ति राज्य को होगी। राज्य के सहकारी क्षेत्र में उर्वरकों का भंडारण प्राथमिकता के आधार पर कराया गया है। राज्य के सहकारी क्षेत्र में डीएपी उर्वरक की उपलब्धता राज्य की कुल उपलब्धता का 62 प्रतिशत है।

#### अब तक 13.18 लाख मेट्रिक टन का भंडारण

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक कुल 13.18 लाख मेट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है, जो गत वर्ष इसी अवधि में भंडारित 12.79 लाख मेट्रिक टन से लगभग 38 हजार मेट्रिक टन अधिक है। इस वर्ष एनपीके और एसएसपी का लक्षित मात्रा से क्रमशः 25 हजार 266 मेट्रिक टन एवं 71 हजार 363 मेट्रिक टन अधिक भंडारण किया गया है, जो डीएपी के विकल्प के रूप में उपयोग किया जा रहा है। राज्य में यूरिया 6 लाख मेट्रिक टन अधिक का भंडारण हुआ है। जुलाई एवं आगामी माह में यूरिया के शेष मात्रा की आपूर्ति होगी।

#### इस महीने 25 हजार टन आपूर्ति की संभावना

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जुलाई माह में 25 हजार टन एनपीके की आपूर्ति संभावित है। एनपीके की अतिरिक्त आपूर्ति को मिलाकर कुल अतिरिक्त एनपीके 50 हजार 266 मेट्रिक टन से 22 हजार मेट्रिक टन डीएपी प्रतिपूर्ति होगी। इसी तरह एसएसपी की कुल अतिरिक्त आपूर्ति 1.47 लाख मेट्रिक टन से 50 हजार मेट्रिक टन डीएपी की प्रतिपूर्ति होगी। इस प्रकार राज्य में एनपीके और एसएसपी के अतिरिक्त आपूर्ति से 72 हजार मेट्रिक टन डीएपी की प्रतिपूर्ति सुनिश्चित होगी।

## कृषक उन्नति योजना का मिल रहा लाभ

**सारंगढ़।** इस वर्ष धान खरीदी हेतु एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से 01 जुलाई 2025 से सेवा सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। जिसमें नया पंजीयन, फसल संशोधन, कैरी फारवर्ड का कार्य आगामी 31 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस वर्ष कृषक उन्नति योजना अंतर्गत धान के बदले अन्य फसल लेने वाले कृषकों को 11 हजार रूपये एवं खरीफ वर्ष 2025 में दलहन तिलहन अरहर, उड़द, मूंगफली, तिलए मक्का, लघु धान्य कोदो कुटकी, रागी आदि फसल उत्पादन करने वाले कृषकों को 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाने की घोषणा किया गया है। इस योजना का लाभ उन्ही किसानों को मिलेगा जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। साथ ही अपनी उपज धान सहकारी समितियों के माध्यम से बेचते है। गिरदावरी में रकबे की पुष्टि के बाद ही मान्य रकबे पर सहायता राशि दी जाएगी। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड का कार्य शीघ्र पूर्ण करवायें तथा वारिसन पंजीयन की कार्यवाही तहसील स्तर में होगा।

## आपदा व दुर्घटना में पीड़ित परिजनों को कलेक्टर ने दिया चेक

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने प्राकृतिक आपदा और सड़क दुर्घटना में जिले के निवासियों के निधन पर उनके परिजनों के लिए आर्थिक सहयोग और प्रतिकर स्वीकृत किया है। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में परिजनों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किया, जबकि परिजनों के बैंक खाता में डायरेक्ट भुगतान तहसीलदार कार्यालय से देय किया जाता है। प्राकृतिक आपदा के सर्पदंश से मृत्यु प्रकरण में सारंगढ़ तहसील के ग्राम मचलाडीह निवासी मृतिका सोनाई महंत के पुत्र मृतक महनुमान दास और बरमकेला तहसील के ग्राम लेंधरजोरी की मृतिका मथुरा राणा के पति निरंजन राणा के लिए प्रति मृतक चार लाख रुपए प्रदान किया गया है। सरिया में पानी में डूबने से और दीवार धसने से मृत्यु हुई थी, जिसमें मृतिका करावती उर्फ सुनीता मेहर की माता उदिया बाई मेहर और मृतिका उतरा चौहान के भाई के लिए प्रति मृतक चार लाख रुपए प्रदान किया गया है। इसी तरह अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में मृतक लक्ष्मण पटेल के पुत्र फिरनता पटेल को 25 हजार रुपए का प्रतिकर स्वीकृत किया गया है।



## उत्तम स्कूल के छात्रों ने पौधरोपण महोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



उत्तम इंटरनेशनल स्कूल वन विभाग के तत्वाधान में नगर वन में पौधरोपण महोत्सव स्कूली छात्रों के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया, नैतिक सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण समाज में जागरूकता देने एवं विश्व पर्यावरणीय दिन ब दिन पर्यावरण प्रदुषण होती जा रही है जिसको लेकर वन विभाग के द्वारा स्कूली बच्चों में नैतिक विकास एवं बौद्धिक संज्ञेयताओं उजागर करने तथा आने वाले पीढ़ी के लिए वरदान साबित हो इसी तारतम्य में स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रश्मि साहनी ने बच्चों को स्कूल शिक्षण वह बच्चों की मानसिक विकास के साथ साथ बौद्धिक विकास एवं समाज की संकीर्ण विचार धाराओं को उजागर करने के लिए पर्यावरणीय दिवस के रूप में वन महोत्सव का ढांचा तैयार कर वन विभाग राधिका खुटे रेंजर व आशीष देवांगन रेंज ऑफिसर छात्र छात्राओं के द्वारा पौधरोपण किया गया। इतना ही नहीं यह स्कूल अनेक कार्यक्रमों एवं शिक्षा जगत के क्षेत्र में नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है जहां हमारी शहर ही नहीं बल्कि जिला गौरवान्वित हो रहा है स्कूल के अध्यक्ष गौतम चौधरी के द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धन कर विश्व पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया व स्कूल के डायरेक्टर संजय चौधरी के द्वारा भी बच्चों को पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण में भाग लेने हेतु चर्चाएं की।

## प्रशिक्षित युवतियों-महिलाओं को मिला प्रमाण-पत्र



**रायगढ़।** डीबी पावर लिमिटेड, सीएसआर विभाग द्वारा संचालित सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षित 48 युवतियों, महिलाओं को डीबी पावर अभिव्यक्ति लेडिस क्लब के सदस्यो द्वारा प्रमाण-पत्र के साथ टूल कीट दिया गया। यह कार्यक्रम प्लांट परिसर के ऊर्जा भवन में सम्पन हुआ।

ज्ञात हो कि प्लांट परिसर के नजदिकी ग्रामों के महिलाओं एवं युवतियों को आत्म-निर्भर एवं स्वावलंबी बनाने हेतु, डी.बी.पावर लिमिटेड के सीएसआर विभाग द्वारा ग्राम टुण्ड्री में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन तथा ग्राम बाड़ादरहा में ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का संचालित निःशुल्क किया जाता है। इस प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से नजदीकी ग्रामों के महिलाएं एवं युवतियाँ प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्म-निर्भर बन रही है। प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात युवतियाँ एवं महिलाएं घर बैठे ही सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर करके आय-अर्जन कर रही है। जिससे कि वे घर में आर्थिक सहयोग कर घर के विकास में भागीदारी बखुबी निभा रही हैं।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में लोगों की समस्याओं का किया समाधान

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सोमवार को कलेक्टर चेंबर प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

नागरिकों ने मुख्य रूप से पेंशन, राजस्व, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली, जल आपूर्ति एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता से सुनते हुए उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। जनदर्शन में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे प्राप्त आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को राहत मिल सके। ग्राम दुलोपुर के मानिकपुरी समाज के लोगों ने सोमवार को जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचकर कलेक्टर से मुक्तिधाम श्मशान घाट के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि गांव में पहले श्मशान घाट हेतु पर्याप्त भूमि थी, लेकिन अब आस पास के भूमि मालिकों ने चारदीवारी न होने का लाभ उठाकर उक्त भूमि पर कब्जा कर लिया है। समाज के लोगों ने बताया कि श्मशान घाट से सटी जमीन के मालिकों ने धीर धीरे अतिक्रमण कर अंतिम संस्कार के लिए उपयोग होने वाली भूमि को अपनी जमीन में मिला लिया है। इससे अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार ग्रामीणों द्वारा मौखिक रूप से भी आपत्ति दर्ज कराई गई, लेकिन अब स्थिति अत्यधिक गंभीर हो गई है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने तहसीलदार रायगढ़ को मौका मुआयना करते हुए आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।



जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान रायगढ़ की श्रीमती सुनीता यादव ने बरसात में मकान ढहने से हुई परेशानी को लेकर आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि वह रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं और हाल ही में हुई लगातार बारिश के कारण उनका कच्चा मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। श्रीमती यादव ने बताया कि बारिश के दौरान मकान की दीवारें गिर गईं, जिससे रहने योग्य स्थान नहीं बचा। मजबूरी में वह अपने बच्चों के साथ दूसरे के घर में आश्रय लेकर रह रही हैं। आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होने के कारण वे स्वयं से मकान की मरम्मत कराने में असमर्थ हैं। उन्होंने आवेदन सौंपते हुए कहा, कि मेरे पास इतने पैसे भी नहीं हैं कि मैं अपने मकान की मरम्मत करवा सकूं। बारिश के दिनों में बच्चों के साथ इधर उधर रहना बहुत मुश्किल हो गया है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने एसडीएम रायगढ़ को आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि दिए जाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सुर्री, तहसील पुसौर निवासी श्रीमती सीताबाई महंत महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि जानकारी के अभाव में वे समय पर योजना के तहत आवश्यक आवेदन नहीं कर सकीं, जिससे अब तक इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित रह गई हैं। उन्होंने कहा कि योजना का प्रारंभ होने के समय उन्हें फार्म भरने की जानकारी नहीं मिल पाई थी। जब तक योजना के बारे में पता चला तब तक आवेदन की समय सीमा समाप्त हो चुकी थी। इस कारण उन्हें आज तक योजना की राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। उन्होंने इस योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु आग्रह किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने महिला एवं बाल विकास विभाग को आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत नवापारा जनपद पंचायत रायगढ़ निवासी रंजीत बघेल जनदर्शन कार्यक्रम में बघेल मोहल्ला में सीसी रोड निर्माण की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनके मोहल्ले में आज तक सीसी रोड नहीं बन पाया है, जिससे ग्रामीणों को खासकर बरसात के मौसम में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## सासंद ने ली दिशा समिति की बैठक

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे: राधेश्याम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने विभागीय अधिकारी प्रतिबद्धता से काम करें। आपसी समन्वय के साथ फील्ड स्तर की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। जिला अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करें। सांसद श्री राठिया की अध्यक्षता में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई।

सांसद राधेश्याम राठिया ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि इन योजनाओं का अधिकतम लाभ आमजन तक पहुंचे इसके लिए सतत रूप से कार्य करना है। दिशा समिति के बैठक के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति का मूल्यांकन करते हुए आगे की कार्ययोजना तैयार करनी है। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए गांवों में ओव्हर हेड टैंक निर्माण व पाईप लाईन बिछाने के कार्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी गांव में कार्य पूर्ण होने के पश्चात वहां टेस्ट रन कर के सुनिश्चित किया जाए कि सभी नल कनेक्शन में जलापूर्ति हो रही है, इससे संतुष्ट होने के बाद ही प्रोजेक्ट को हैण्डओव्हर किया जाए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बताया कि सभी विकासखण्डों में सीईओ जनपद के माध्यम से सरपंच, सचिवों से उनके गांवों में हुए कार्य का भौतिक सत्यापन होने के बाद ही वहां प्रोजेक्ट को हैण्डओव्हर किए जाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने ईई पीएचई से कहा कि इसका कड़ाई से पालन किया जाए। बैठक में सांसद राधेश्याम राठिया ने धरमजयगढ़ से दूरस्थ क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में लो वोल्टेज की समस्या दूर करने के बारे में विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली।

#### आवास निर्माण में रायगढ़ पूरे प्रदेश में आगे

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत तथा पूर्ण आवास के संबंध में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने बताया कि पीएम आवास निर्माण में रायगढ़ पूरे प्रदेश में सबसे आगे है। अब तक स्वीकृत 52 हजार आवास में से 24 हजार आवास पूर्ण कर लिए गए है। शेष आवासों को तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है। बीते दिनों 10 हजार नये आवासों का लक्ष्य दिया गया था जिसमें से 8 हजार आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, 2 हजार आवासों की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा की गई।

